BELONOID

समय : २ घंटे | पूर्णांक : ५०

प्र.१ निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- १४

क) "कृत - कृत नहीं जो हो पाये;
प्रत्युत फाँसी पर गये झूल
कुछ ही दिन बीते हैं, फिर भी
यह दुनिया जिनको गई भूल !
- उनको प्रणाम !"

अथवा

"बना बना कर
चित्र सलोने
यह सूना आकाश सजाया
राग दिखाया
रंग दिखाया
क्षण क्षण छवि से चित्त चुराया
बादल चले गये वे"

ख) "रेल की पटरी हमारे देश में इतनी लंबी है कि आपकी पूरी पीढ़ी भी शायद उसे पूरी तरह न उखाड सके । खाली बैठने से ऐसे काम करना कहीं बेहतर है । खाली-दिमाग तो शैतान की दुकान होता है ।"

अथवा

"हिंसा बुरी बात है । हमें अहिंसा में विश्वास रखना चाहिए सब ईश्वर के जीव हैं । किसी को मारना हिंसा है । कोई यदि तुम्हारे एक गाल पर तमाचा मारे तो दूसरा भी आगे कर दो ।"

प्र.२ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- २०

च) 'गीत - फरोश' कविता के माध्यम से कवि किस प्रकार का व्यंग्य प्रस्तुत करते हैं? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

'टूटा पहिया' कविता में व्याप्त संवेदना का चित्रण कीजिए ।

छ) 'लीडर लीला' के माध्यम से लीडर नामक जंतु पर किये गए व्यंग्य का चित्रण किजिए ।

अथवा

इंस्पेक्टर मातादीन के चाँद पर किये गए कार्य को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए ।

प्र.३ निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर टिप्पणी लिखिए :- ०६

'कोई एक और मतदाता' कविता का भावार्थ ।

अथवा

'हो जाए इसी बहाने एक श्रध्दांजलि' निबंध का व्यंग्य ।

प्र.४ निम्नलिखित विषयों के आधार पर पत्र लेखन का प्रारुप निर्मित कीजिए :- १०

ट) अपने जन्मदिन पर अपने मित्र को आमंत्रित करते हुए पत्र का नमूना तैयार कीजिए ।

अथवा

ठ) अपने चचेरे भाई को जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र का प्रारुप निर्मित कीजिए ।

अथवा

किसी महाविद्यालय में प्राध्यापक का पद रिक्त है अत: उस पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारुप तैयार कीजिए ।

अथवा

आपकी बस्ती में गंदगी के कारण बिमारियाँ फैलने की आशंका है, इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी के नाम पत्र का प्रारुप निर्मित कीजिए ।

सूचना : (प्रश्न क्रमांक - ४ के लिऐ काल्पनिक नाम एवं पते का प्रयोग कीजिए ।)

●○●○●○●○●○●